कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

प्रेस विज्ञप्ति (बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019)

<u>प्रमाण पत्र जाँच</u>

बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों के सत्यापन (Vertification) का कार्य प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक निर्दिष्ट तिथियों में निर्धारित अनुक्रमांकानुसार दिनांक 03–07–2019 से 08–07–2019 तक विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित जाँच केन्द्रों– नैनीताल, अल्मोड़ा, हल्द्वानी, काशीपुर एवं पिथौरागढ़ में सम्पादित किया जायेगा। समस्त अभ्यर्थी सत्यापन केन्द्रों में सभी आवश्यक शैक्षणिक एवं अधिमान अंक हेतु मूल प्रमाण पत्र तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत प्रवेश परीक्षा की अंकतालिका प्रस्तुत करेंगे।

ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने विश्वविद्यालय की वैबसाईट में उपलब्ध बी0एड0 प्रवेश विवरणिका–2019 में दिये गये नियम क्रमांक 2.3 के अनुसार प्रवेश परीक्षा दी है तथा उनका स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षाओं की अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम घोषित नहीं हुआ है वे अभ्यर्थी अपने साथ अनिवार्य रूप से इस आशय का विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र जाँच के समय प्रस्तुत करेंगे।

समस्त अभ्यर्थी शपथ पत्र का प्रारूप, प्रमाण पत्रों के सत्यापन का स्थान, अनुक्रमांकानुसार तिथि व जाँच केन्द्र के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाइट www.kunainital.ac.in से प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे निर्धारित तिथि को सम्बन्धित केन्द्र पर उपस्थित रहें।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक – गोपनीय/2019/2266 दिनांकः 28–06–2019

प्रतिलिपि–

क– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित की कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में दिनांक 29–06–2019 को निःशुल्क समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें –

दैनिक जागरण, नैनीताल।
अमर उजाला, नैनीताल।
हिन्दुस्तान, नैनीताल।
दैनिक आज, नैनीताल।
राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
उत्तर उजाला, नैनीताल।
शाह टाइम्स, नैनीताल।
उत्तरांचल दीप।
न्यूज प्रिंट, नैनीताल।

ख– निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक